हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 12 जुलाई 2025

04 शराब के नशे में पत्नी पर की गई अश्लील टिप्पणी बनी...



07 80 फीसद लक्ष्य हासिल करने के बाद संतुष्टि जता...





## खबर संक्षेप

### लोक निर्माण मंत्री आज जिले के प्रवास पर रहेंगे



**सागर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह कल 12 जुलाई को सागर प्रवास रहेंगे। सागर प्रवास पर रहते हुए विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करने के साथ साथ विभागीय समीक्षा बैठक लेंगे।

### भू-धारकों को मुआवजा का किया जा रहा है भुगतान

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर आपचंद मध्यम एवं हनौता सिंचाई परियोजना के प्रभावितों को उनके सभी अनुदान/मुआवजा राशि प्रदान करने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी परिपेक्ष्य में आपचंद मध्यम सिंचाई परियोजना अंतर्गत सागर तहसील के ग्राम बोदा पिपरिया एवं गौंची के कुल 7 भू-धारकों के बैंक खातों में 73 लाख 7 हजार 646 रुपए की मुआवजा राशि हस्तांतरित की जा रही है। इसी प्रकार हनौता सिंचाई परियोजना अंतर्गत खुरई तहसील के ग्राम खजराहरचंद, महूनाजाट, दलपतपुर मालगुजरी के कुल 5 भू-धारकों के बैंक खातों में 51 लाख 76 हजार 812 रुपए की मुआवजा राशि हस्तांतरित की जा रही है।

### सभी निर्माणाधीन और अन्य पुल-पुलियों का करें त्वरित गति से निरीक्षण

**सागर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के निर्देश के तत्काल पश्चात कलेक्टर संदीप जी आर ने जिले में बन रहे ब्रिज, पुल, पुलियों की जांच करने के निर्देश समस्त निर्माणा ऐजेंसियों को दिए हैं। कलेक्टर ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार लोक निर्माण विभाग ब्रिज, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, राष्ट्रीय राजमार्ग, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिले में सभी निर्माणाधीन एवं पुराने ब्रिज, पुल, पुलियों की सूक्ष्मता से जांच करें। उन्होंने कहा कि जिले में ऐसे ब्रिज, आर.ओ.बी., फ्लाई ओवर, ऐलीवेटेड कॉरिडोर जिनमें तीव्र मोड़, वाहनो के स्पीड के अनुसार पर्याप्त टर्निंग रेडियस का न होना, मोड़ो पर इंटरनल/एक्सटर्नल वाइंडिंग का पर्याप्त प्रावधान न होना, वाहनों की गति के अनुसार मोड़ो पर सुपर ऐलीवेशन का प्रावधान संबंधी सभी जांच पूरी गंभीरता से करें।

### लेखा प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

**सागर।** लेखा प्रशिक्षण शाला सागर में 113वां नियमित लेखा प्रशिक्षण सत्र आगामी एक अगस्त से प्रारंभ होगा। इसके लिए संभाग अंतर्गत समस्त जिलों के कार्यालय प्रमुख लिपिक संवर्ग कर्मचारियों के आवेदन पत्र 22 जुलाई तक प्रेषित कर सकेंगे। यह सत्र 15 अक्टूबर तक संचालित होगा। प्रवेश तिथि को एक वर्ष की शासकीय सेवा पूर्ण करने वाले नियमित लिपिकवर्गीय कर्मचारी प्रशिक्षण के लिए पात्र हैं। लेखा प्रशिक्षण शाला के प्राचार्य द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक कर्मचारी को हिन्दी मुद्रलेखन परीक्षा अथवा सीपीसीटी परीक्षा के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर में डिग्री या एक वर्षीय कम्प्यूटर में पीजीडीसीए या डीसीए उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र अभिप्रमाणित कर आवेदन के साथ संलग्न करना आवश्यक है। कार्यालय प्रमुख द्वारा कर्मचारी का पासपोर्ट साइज फोटो आवेदन पत्र पर चस्पा कर एवं अभिप्रमाणित कर अनुशंसा सहित अग्रेषित करना होगा। अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के कर्मचारियों को जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना जरूरी है। अर्द्धशासकीय संस्थाओं के लिपिकवर्गीय कर्मचारी भी एक वर्ष की नियमित शासकीय सेवा पूर्ण करने पर लेखा प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे, लेकिन ऐसे कर्मचारियों को निर्धारित प्रशिक्षण शुल्क 2 हजार रूपए राशि का चालान निर्धारित शीर्ष में अनिवार्य रूप से जमा करवाना होगा।

---

निकायों में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को माह की एक तारीख को वेतन मिले

# नगरीय निकाय के अधिकारी सड़क से गोवंश को पकड़ने प्रभावी कार्रवाई करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगरीय निकाय के अधिकारी सड़क से गोवंश को पकड़ने प्रभावी कार्रवाई करें एवं निकायों में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को माह की एक तारीख को वेतन मिले। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी आर ने नगरीय प्रशासन विभाग की समीक्षा बैठक में दिए।

नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग सागर की विभागीय समीक्षा बैठक आज कलेक्टर संदीप जी. आर. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में संयुक्त कलेक्टर देवेंद्र प्रताप सिंह, परियोजना योजना अधिकारी सचिन मसीह तथा जिले के सभी नगरीय निकायों नगर पालिक निगम, नगरपालिका परिषद एवं नगर परिषद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं उपयंत्री उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर संदीप जी आर ने मुख्य सड़कों पर विचरण कर रहे गोवंश को तत्काल पकड़ने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



उन्होंने कहा कि यदि कहीं भी गोवंश विचरण करती पाए जाते हैं तो इस पर वह मालिक पर भी जुर्माने की कार्रवाई सुनिश्चित की जावे। उन्होंने कहा कि सभी नगरीय निकायों में सड़कों पर स्ट्रीट लाइट, स्वच्छता का प्रबंधन विशेष रूप से किया जावे। उन्होंने निर्देश दिए की सीएम हेल्पलाइन की शिकायत प्राप्त होते ही तत्काल उसका निराकरण किया जाए और संबंधित से व्यक्तिगत संपर्क करें और निराकरण करें। इसी प्रकार सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों की पेंशन प्रकरण भी लंबित नहीं रहना चाहिए उन्होंने कहा कि सभी नगरी निकायों में विशेष कैंप लगाए और सभी प्रकार की ईकेवाईसी का अपग्रेडेशन करें।

उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (प्रथम एवं द्वितीय चरण) की अद्यतन स्थिति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही समग्र ईकेवायसी, आयुष्मान कार्ड, सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित निराकरण, बाढ़ एवं आपदा प्रबंधन की पूर्व तैयारियों, तथा वर्षाकाल में सड़कों पर विचरण करने वाले आवारा मवेशियों/पशुओं की समस्या के स्थायी समाधान हेतु ठोस कार्य योजना बनाने के निर्देश भी दिए। इसके अतिरिक्त पीएम स्वनिधि योजना के तीनों चरणों की प्रगति, नगरीय निकाय क्षेत्रों में चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं समयसीमा की समीक्षा भी की गई।

बैठक में कलेक्टर ने सभी नगरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप योजनाओं के क्रियान्वयन में गति लाएं और जनता को समयबद्ध तथा गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित करें।



### बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम करने के लिए जनजागरुकता से प्रचार प्रसार किया

**सागर।** जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग एवं विशेष किशोर पुलिस इकाई द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों में बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम हेतु प्रचार-प्रसार किया गया। साथ ही बच्चों को भिक्षा नहीं शिक्षा देने की अपील की गई। साथ ही बाल भिक्षावृत्ति से बच्चों पर होने वाले नकारात्मक प्रभावों को बताते हुए बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन संबंधी टेम्पलेट्स वितरित किए गए। एवं शासन द्वारा चलाए जा रहे बाल भिक्षावृत्ति अभियान अंतर्गत जनता से सहयोग की अपील की गयी। विभागीय टीम द्वारा झुग्गी बस्ती में निवासरत परिवारों से भी बच्चों से भिक्षावृत्ति न करवाने हेतु समझाइए एवं चेतावनी दी गई। उक्त टीम में विशेष किशोर इकाई से श्रीमती ज्योति तिवारी, महिला एवं बाल विकास विभाग से श्री अनुराग मौर्य एवं श्रीमती वर्षा सूर्यवंशी उपस्थित रहे।

## रहली में शासकीय डॉक्टर नहीं करते कलेक्टर की परवाह तो मरीज क्या है?

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

रहली सामुदायिक स्वस्थ केंद्र में नियुक्त डाक्टर मनमाने तरीके से ड्यूटी पर तैनात नजर आते हे, सबसे महत्वपूर्ण डाक्टरों के मुखिया बीएमओ खुद सालों में अस्पताल में नजर आते है। ऐसा ही कुछ हाल संजीवनी क्लिनिक का हे, जहां कभी डॉटर मिलते हे कभी नहीं भी मिलते। बुधवार को कलेक्टर सागर ने शासकीय चिकित्सालयों के डॉक्टरों की उपस्थिति शत प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए चेताया भी हे कि यदि अनुपस्थित रहे तो होगी सख्त कार्यवाही। उन्होंने कहा कि सभी शासकीय चिकित्सालयों में डॉक्टरों के नाम मय फोन नंबर मुख्य गेट पर अंकित कराएं। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान यह देखने में आया कि संजीवनी क्लिनिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों सहित अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों में डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टॉफ समय पर उपस्थित नहीं होते जिससे कि नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण समय पर नहीं हो पाता। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सालयों में मुख्य गेट पर चिकित्सालयों में तैनात डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ के नाम और उनका फोन नंबर अंकित कराएं जाएं अनुपस्थिति पर जिससे कि संबंधित व्यक्ति डॉक्टर से फोन पर बात कर उनकी उपस्थिति की जानकारी ले सके। उन्होंने कहा कि सभी डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ अपने अपने कर्तव्य स्थल पर समय पर उपस्थित रहें और अपने कर्तव्यों का शत प्रतिशत पालन करें जिससे कि सभी आवश्यक व्यक्तियों को पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सालयों में पर्याप्त संसाधन एवं 108 एम्बुलेंस का चयनित प्वाइंट स्थल पर उपस्थिति रहे। उन्होंने कहा कि चिकित्सालयों में पर्याप मात्रा में सभी प्रकार की दवाएं सहित अन्य मेडिकल सामग्री भी उपलब्ध रहे। हालांकि यह पहली बार नहीं हे जब ऐसे सख्त आदेश जारी हुए हो,पर राजनीतिक संरक्षण प्राप्त डाक्टर अपनी मनमानी करते रहते हे। देखना होगा कि इस बार कोई सुधार होता हे या वही पुरानी कहावत चरितार्थ होगी, ढाक के तीन पात।

### डीपीएस सागर में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय शतरंज स्पर्धा का शुभारंभ

**सागर** । शुक्रवार से दिल्ली पब्लिक स्कूल सागर में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय जूनियर अण्डर - 19 शतरंज स्पर्धा का शुभारंभ हो गया है। स्पर्धा पूर्वाह्न नौ बजे से विद्यालय के परिसर में स्थित छात्रावास के इंडोर शतरंज हॉल में प्रारंभ हुई। जिसमें शिक्षा विभाग के खेल अधिकारी संजय दादर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। डॉक्टर अरविन्द गोस्वामी रेरेट शतरंज खिलाड़ी अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही इंजी. रितुल सराफ (निदेशक डीपीएस मकरोनिया), इंजी. राहुल सराफ (निदेशक डीपीएस सागर) तथा डॉ. रविकान्त बाजपेयजुला भी उद्घाटन सत्र में उपस्थित रहे। टूर्नामेंट की जानकारी को लेकर विद्यालय चीफ अविटर अनुराग सिंह ने बताया, कि यह प्रतियोगिता जिला शतरंज संघ एसोशिएसन तथा डीपीएस सागर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कराई जा रही है। जिसमें प्रदेश भर के विभिन्न जिलों के रेटेट खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। आज स्पर्धा का पहला दिन था। रविवार को स्पर्धा का समापन होगा। आज खेले गए मैंचों के तीन चक्रों की समाप्ति के बाद सभी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी बढ़त बनाए हुए हैं, जिसमें भोपाल के अर्नव कुमार, ग्वालियर के रूद्राक्ष गर्ग सभी 3 अंक और शुभ खत्री ग्वालियर और सात्विक शुक्ला सागर 25 अंक के साथ आगे चल रहे हैं। वहीं अण्डर - 19 बालिका वर्ग में जबलपुर की यशी जैन, सागर की खुशबु कुशवाहा जबलपुर की अध्या धर्वे ये सभी आगे चल रहीं हैं। वहीं स्पर्धा के उद्घाटन सत्र के मुख्यातिथि संजय दादर ने बताया, कि यह प्रतिस्पर्धा फ़ीडे रेटिंग स्पर्धा भी है। जिसमें मध्य प्रदेश के 20 जिलों के 73 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिसमें 21 खिलाड़ियों को अंतर्राष्टीय रेटिंग प्राप्त है। आठ चक्रों तक चलने वाली इस स्पर्धा में अण्डर - 19 बालक वर्ग से तथा बालिका वर्ग से चार-चार खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए किया जाएगा। प्रतियोगिता को लेकर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविकान्त बाजपेयजुला ने बताया, कि वैसे से सभी खेल शारीरिक स्वास्थ्य की दृष्टि से उत्तम हैं, परन्तु मानसिक विकास की दृष्टि से शतरंज सर्वोत्तम हैं। आज की युवा पीढ़ी का रुझान शतरंज की तरफ हो सके। विद्यालय इस दिशा में पूर्ण प्रयास कर रहा है।वहीं डीपीएस मकरोनिया के निदेशक इंजी. राहुल सराफ ने स्पर्धा में शामिल होने आए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### कलेक्टर ने किया कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, परिसर की साफ सफाई, परिसर में वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान परिसर में कचरा पड़ा मिलने पर संबंधित के विरुद्ध जुर्माने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर संदीप जी आर ने सभी को निर्देशित किया कि वे संपूर्ण कार्यालय परिसर में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें। अनावश्यक पड़ी सामग्री को राइट ऑफ करें।

बड़े धूमधाम से मनाया गुरु पूर्णिमा महा महोत्सव, शिष्यों ने दिखाई अपनी आस्था

## श्री श्री 108 श्री किशोर दास देव जू महाराज श्री गोरेलाल कुंज श्रीधाम वृंदावन के परम सानिध्य में श्री भक्तमाल कथा संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

परम पूज्यनीय श्री श्री 108 श्री किशोर दास देव जू महाराज श्री गोरेलाल कुंज श्रीधाम वृंदावन के परम सानिध्य में होटल रियार्थ इन बम्होरी रेंगुआ, सागर में अनेक राष्ट्रीय संत जनों के संत समागम में श्री भक्तमाल कथा, एक सप्ताह ज्ञान यज्ञ श्री ठाकुर जी की कृपा से सम्पन्न हुआ। एवं श्री गुरू पूर्णिमा महा महोत्सव बड़ी धूम-धाम से आनंद उत्सव के साथ मनाया गया । संत समागम एवं महा कुंभ का यह दृष्य ऐतिहासिक भव्य दिव्य और यह विराट आयोजन रहा। सुबह 9 बजे से गुरू पूजन के साथ कार्यक्रम षुरू हुआ देश सहित अनेक राज्यों से आये शिष्य मंडल नें सद्गुरू देव भगवान का गुरू पूजन किया एवं आरती उतारकर पुष्प मालाएं पहनाकर गुरूदेव जी को पगड़ी पहनाकर गुरू पूर्णिमा महा महोत्सव प्रातः 09 बजे से देर रात्रि तक चलता रहा। देवराहा बाबा मंदिर गुरु पूजन स्थल बडे. ही अद्भुत सुंदर फूल बंगला तैयार कराया गया। जहां सद्गुरू देव भगवान विराजमान रहे। गुरूदेव भगवान की चरण पादुकाओं का सभी शिष्य मंडल एवं धर्मप्रेमी बंधुओं ने पूजन किया। सद्गुरू देव भगवान से आशीर्वाद प्राप्त किया सद्गुरू देव भगवान ने अपने हाथों से सभी को महा पूरण प्रसाद सभी को प्रदान किया। सुबह 10 बजे से देर रात्रि तक 15 से 20 हजार श्रृद्धालुओं ने महाभोग भोजन प्रसाद ग्रहण किया। देवराहा बाबा प्रांगण में चार जगह विभाजित कर भोजन प्रसादी की बड़ी व्यवस्था की गयी। गुरू पूर्णिमा महा महोत्सव श्री ठाकुर जी व सद्गुरू देव भगवान की कृपा से पूर्णतः सम्पन्न हुआ। 2026 की गुरू पूर्णिमा महा महोत्सव श्री जुगल किशोर सरकार के श्री चरणों में पन्ना धाम में गुरू पूर्णिमा महा महोत्सव होगा। देर रात्रि तक भोजन प्रसादी एवं भजन कीर्तन चलता रहा। ऐतिहासिक आयोजन की अपार सफलता पर सद्गुरू देव भगवान नें सागर बुंदेलखण्ड शिष्य मंडल सहित आयोजन समिति के सभी सदस्यों को सद्गुरू देव भगवान ने खूब खूब बधाई दी। गुरूपूर्णिमा महा महोत्सव में पूरे देश सहित अनेक राज्यों से बड़ी संख्या में श्रृद्धालु पहुंचे । 15 से 20 हजार लोगों ने सद्गुरू देव भगवान की चरण पादुकाओं का पूजन कर गुरूदेव भगवान से आशीर्वाद लिया। छतरपुर से पधारे प्रसिद्ध भजन गायक, खनिज देव सिंह चैहान व सागर शिष्य मंडल के सदस्यों ने भी अपने भजनों से मंत्र मुग्ध कर दिया। श्रृद्धालु खूब भाव विभोर होकर नाचे, सागर शिष्य मंडल के सदस्य अनिल दुबे, सानिध्य तिवारी एवं शिवम मिश्रा ने भी भजनों की प्रस्तुती दी। इस शुभ अवसर पर बृजेन्द्र प्रताप सिंह विधायक पन्ना, नगर विधायक शैलेन्द्र जैन, प्रताप नारायण दुबे, डॉ. अशोक तिवारी, डॉ. अजय तिवारी, डॉ. अनिल तिवारी, अंकित दुबे, रियार्थ दुबे, अनु जैन, डॉ. प्रतिभा तिवारी, प्रमिला प्यासी, मनीषा मिश्रा, पूजा नायक, शोभना मिश्रा, अदिति मिश्रा, प्रमेन्द्र गोलू रिछारिया, रवि भूषण पाठक, अतुल सिह, मृदुल पन्या, मनीष दिल्ली, अनिल दुबे, अनुराग प्यासी, अंकुर नायक, अमित मिश्रा, विनय मिश्रा, प्रीतम सिंह, शैलेश केशरवानी, देवेन्द्र सिंह, विवेक मिश्रा बंडा, दीपक कोष्ठी, जय नारायण तिवारी, सुनील मिश्रा, प्रभात मिश्रा, आदित्य पांडेय, मनीष केशरवानी, राहुल समेले, कल्पित पटेल, घनश्याम दुबे, सुधीर सिंह, सचिन शुक्ला, विट्टू सोनी, सानिध्य तिवारी, अंकुर तिवारी, दीपक बाजपेयी, जस्सी सरदार, लाविन राय, दीपक पौराणिक, वीरेन्द्र सिंह, कुलदीप सोनी, विनोद तिवारी, लक्ष्मण सिंह, सहित कई हजारों की संख्या में श्रृद्धालुजन, मातृषक्ति, युवाजन, गुरू पूर्णिमा महा महोत्सव में सम्मिलित हुये।





### आत्मा का गौरव ही गुरु महाराज है और जगत प्रपंच से सब त्रस्त हैंः मुक्तानंद महाराज

**सागर।** श्री परमहंस आश्रम अमृतझिरिया, देवरीकलां में गुरुपूर्णिमा महा महोत्सव सेवा सुमिरण और समर्पण के साथ श्रृद्धा और भक्तिभाव के साथ गुरु पूजन और सत्संग तथा विशाल भंडारा करके मनाया गया। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं का आगमन आश्रम में हुआ। मौसम की अनुकूलता और आध्यात्मिक लाभ की लालसा में इस बार विशाल आश्रम में श्रृद्धालुओं की बड़ी संख्या के कारण कहीं भी स्थान रिक्त नहीं बचा था। आयोजित सत्संग में अपने आर्शीवचन में परमहंस संत श्री मुक्तानंद जी महाराज ने कहा कि आत्मा का गौरव ही गुरु महाराज हैं। आप सबकों जानना चाहिए कि आत्मा का स्वरूप सर्वत्र होता है। इसलिए अपने गुरु महाराज या आराध्य देव को सर्वत्र देखना चाहिए। वहीं आराध्य ही सर्वत्र और सर्वरूप है। वही जगत का कारण भी है और हम कार्य हैं। साधना-चिंतन करते हुए आत्मज्ञान के गौरव की गरिमा को बुद्धि में लाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जगत के प्रपंच को ही लोग सब मान लेते है। कहते है ईश्वर कहा हैं एवं ईश्वर को किस ने देखा है। जबकि मनुष्य स्वयं ही ईश्वर का अंश है। परंतु जगत प्रपंच में मन के भटकाव के कारण आप त्रस्त-पस्त व लस्त-पस्त हुए है। अवतारी पुरुष नर रूप में होते अवश्य है परंतु उनका शरीर भाव नहीं रहता। वे जानते है कि एक उद्देश्य पूर्ण करने के लिए आए है। जयकारे का महत्व बताते हुए श्री मुक्तानंद जी महाराज ने कहा कि जयकारा विकारों पर विजय प्राप्त करने की क्षमता प्राप्त करने के लिए लगाया जाता है। इससे परमात्मा के अस्तित्व को सर्वत्र सर्वरूप और सर्वदा स्वीकार किया जाता है। सत्संग में महाराज जी ने सभी शिष्यों और श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक साधना का अभ्यास एवं अनुभव भी अपनी दिव्य चेतना से कराया। उन्होंने बताया कि अपनी जिव्हा को मुँह में नीचे तरफ चिपकाना है। इसमें जिव्हा के बीच की नस और मुंह के बीच की नस चिपकते है। इस स्थिति को ही निर्वाणी मुद्रा कहा गया। जब वाणी शांत हो जाए। इस अवस्था में भगवान का सबसे पावन और सहज नाम स्वाभाविक रूप से ही निकलता है। मीठा रस भी आने लगता है। उन्होंने कहा कि वैदों के पहले से भगवान का परम पावन नाम 'ऊँ' ही है। यह श्वास में बहुत सरलता से ढ़ल जाता है। साधक को चाहिए कि श्वास लेते और श्वास छोड़ते दोनों समय ऊँ का जाप करें। साथ ही अपने गुरु या इष्ट का आती-जाती श्वास में नख-शिख चिंतन करना चाहिए। इससे बहुत शीघ्र आध्यात्मिक विकास हो जाता है। आश्रम में श्री गुरुपूर्णिमा महोत्सव का यह 28वॉ आयोजन था। आश्रम में सुबह से ही विशेष पूजन, साजसज्जा और आरती आदि के कार्यक्रम प्रारंभ हुए। इसके उपरांत कतार बद्ध और पूर्ण अनुशासन के साथ भाविक भक्तों ने पुष्पाहार, श्रीफल, चंदन आदि से गुरुपूजन जयकारों के साथ किया। मंडली द्वारा गुरु महिला बाले भजन प्रस्तुत किए गए। इसके उपरांत भंडारा प्रारंभ हुआ। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने गुरु प्रसाद प्राप्त किया। इस अवसर पर दिन भर आश्रम में श्रद्धालुओं का मेला लगा रहा। विभिन्न समितियों के सदस्यों ने व्यवस्थाओं को बेहतरीन संभाला।




### विश्व जनसंख्या दिवस पर जन जागरुकता रैली को हरीझंडी दिखाकर किया रवाना

**सागर।** विश्व जनसंख्या दिवस के अंतर्गत जन जागरूकता रैली को डॉ नीना गिडियन क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवायें सागर संभाग सागर, एवं डॉ. ममता तिमोरी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सागर डॉ. ममता तिमोरी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जिले में परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा 11 जुलाई से 11 अगस्त तक विश्व जनसंख्या स्थिरता माह के अन्तर्गत आज दिनाक 11 जुलाई को जिला चिकित्सालय सागर परिषर से विश्व जनसंख्या दिवस की जनजागरूकता रैली को डॉ नीना गिडियन क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवायें सागर संभाग सागर एवं डॉ. ममता तिमोरी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सागर, द्वारा द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया यह रैली जिला चिकित्सालय सागर से होते हुये बीएमसी गेट से वापिस परिसर में समाप्त हुई ।



### विवि : गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में दर्शनशास्त्र विभाग ने किया पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

**सागर।** गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में बरगद, बहेड़ा और मधुकामिनी आदि के पौधे लगाए गये। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार तिवारी, प्रो. अम्बिकादत्त शर्मा, प्रो. अजीत जायसवाल, डॉ. नरेन्द्र कुमार बौद्ध एवं शोधार्थी व कर्मचारी शामिल हुए। वृक्षारोपण के लिए वृक्ष, उर्वरक इत्यादि की व्यवस्था गवेषणा संस्थान के अध्यक्ष श्री मनोहरलाल चौरसिया ने की। इस अवसर पर भारतीय परम्परा में गुरु की अवधारणा पर एक चर्चा का भी आयोजन किया गया। इसमें शिवसूत्र में गुरु के स्वरूप पर विचार-विमर्श किया गया। इसमें गुरु को उपाय के रूप में समझने का प्रयास किया गया। परिचर्चा में दर्शनशास्त्र विभाग के सभी शिक्षकों और शोधार्थियों ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि गुरु पूर्णिमा को वेदव्यास की जयन्ती के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अनिल कुमार तिवारी ने की। इसका समापन धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

# कुंडेश्वर धाम में उमड़ा शिवभक्तों का सैलाब, मंदिर प्रांगण भक्तिमय वातावरण से सराबोर

◆ हर-हर महादेव की गूंज के साथ शुरू हुआ श्रावण मास

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



श्रावण मास के पहले दिन बुंदेलखंड के प्राचीन और श्रद्धा के केंद्र शिवधाम कुंडेश्वर में श्रद्धालुओं का जनसागर उमड़ पड़ा। सुबह 4 बजे ब्रह्म मुहूर्त में जब मंदिर के पुजारियों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया, तब मानो पूरे धाम में ₹हर-हर महादेव₹ की ध्वनि से आकाश भी गूंज उठा। इस पावन बेला के साथ कुंडेश्वर का वातावरण एक बार फिर शिवमय हो गया। प्रातः 6:30 बजे आरती के पश्चात आम श्रद्धालुओं के लिए मंदिर का गर्भगृह दर्शनार्थ खोला गया, जिसके बाद भक्तों की कतारें शिवलिंग के दर्शन हेतु उमड़ पड़ीं। अनेक श्रद्धालु जल कलश, बेलपत्र, धतूरा और फूल चढ़ाकर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति हेतु प्रभु शिव की आराधना करते नजर आए। मंदिर प्रांगण में जगह-जगह ह्यॐ नमः शिवायह्न का जप करते हुए शिवभक्तों ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने और उनकी सुविधा हेतु मंदिर ट्रस्ट द्वारा विशेष लाइन व्यवस्था की गई है। सुरक्षा के मद्देनज़र ट्रस्ट के स्वयंसेवकों के साथ पुलिस बल भी तैनात है, जो परिसर में अनुशासन और शांति बनाए रखने में सतर्क भूमिका निभा रहे हैं। पूरे क्षेत्र की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से की जा रही है, जिससे सुरक्षा में कोई चूक न हो।

### सावन का पहला सोमवार, हजारों की संख्या में आने की संभावना

14 जुलाई को श्रावण का पहला सोमवार है, जो शिवभक्तों के लिए विशेष पुण्यदायक माना जाता है। इस दिन करीब 5,000 से अधिक श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना है। इसे देखते हुए मंदिर ट्रस्ट ने तैयारियों को और अधिक सशक्त रूप दे दिया है। साफ-सफाई, पेयजल, छाया व्यवस्था और प्राथमिक चिकित्सा जैसी सभी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष अभिषेक पस्तोर के अनुसार, दोपहर 12 बजे से मंदिर रसोई में प्रसाद वितरण आरंभ होगा, जिसमें श्रद्धालु 40 रुपए के कूपन पर भरपेट स्वादिष्ट भोजन प्राप्त कर सकेंगे। यह व्यवस्था न केवल भक्तों की सेवा है, बल्कि कुंडेश्वर की अतिथि देवो भवः परंपरा का जीवंत उदाहरण भी है।

---

## रेलवे पुल के पास युवक की हत्या का पुलिस ने किया खुलासा

# शराब के नशे में पत्नी पर की गई अश्लील टिप्पणी बनी हत्या का कारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत 9 जुलाई को हरिजन बस्ती रेलवे पुल, नारगुडा के पास मिले युवक के शव के मामले में पुलिस ने हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस हत्या की तह तक पहुंचने में पुलिस की सक्रियता और सूझबूझ ने बड़ी भूमिका निभाई। आरोपी ने पूछताछ में जुर्म कबूल करते हुए हत्या की वजह भी स्पष्ट कर दी है।




### क्या है पूरा मामला

9 जुलाई की सुबह देहात पुलिस को सूचना मिली कि हरिजन बस्ती रेलवे पुल के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और देखा कि मृतक के सिर और चेहरे पर गहरी चोट के निशान थे। प्रारंभिक जांच में स्पष्ट हुआ कि किसी भारी वस्तु से वार कर हत्या की गई है। शव की शिनाख्त पुष्पेंद्र लोधी उम्र 38 वर्ष, निवासी माडुमर थाना कोतवाली के रूप में की गई। पुलिस ने इस संबंध में अपराध बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया था।

### ऐसे पकड़ा गया हत्यारा

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देहात की अगुवाई में विशेष जांच दल गठित किया गया। टीम ने मृतक के परिजनों से बातचीत, घटनास्थल की सूक्ष्म जांच और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपी तक पहुंच बनाई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजू उर्फ राजेंद्र राजपूत उम्र 39 वर्ष, मूल निवासी ग्राम माडुमर, वर्तमान निवासी नारगुडा दरवाजा, टीकमगढ़ के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर सघन पूछताछ की, जिसमें उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया।

### हत्या की वजह शराब और अश्लीलता

हत्या की रात यानी 8 जुलाई को रात करीब 8 बजे मृतक और आरोपी ने साथ बैठकर शराब पी थी। इसी दौरान मृतक ने आरोपी की पत्नी को लेकर अभद्र और अश्लील टिप्पणी कर दी। गुस्से में बेकाबू आरोपी ने मृतक को धक्का देकर जमीन पर गिराया और पास पड़ी भारी पत्थरनुमा वस्तु से सिर और चेहरे पर वार कर उसकी हत्या कर दी।

### पुलिस टीम की भूमिका

इस मामले के खुलासे में थाना प्रभारी देहात चंद्रजीत यादव, उप निरीक्षक वीणा विश्वकर्मा, प्रधान आरक्षक रज्जन रैकवार, अभय मिश्रा, मुईन खान, आरक्षक भास्कर मिश्रा, योगेश, अरवाज और महिला आरक्षक अंकिता की अहम भूमिका रही।

---

टीकमगढ़ में जातीय अपमान पर भड़का आक्रोश

# बोलने की आजादी या समाज को तोड़ने की साजिश ?

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़




जिले में सोशल मीडिया का ज़हरीला इस्तेमाल एक बार फिर सामने आया है, जहां जाति विशेष के खिलाफ अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणियां करने का मामला गरमा गया है। शुक्रवार को अमर शहीद युवा संगठन के प्रतिनिधियों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एक लिखित शिकायत दर्ज कराई, जिसमें सोशल मीडिया पर जानबूझकर समाज में जातिगत तनाव फैलाने का आरोप लगाया गया है।

संगठन के जिला अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह ने बताया कि लखन उर्फ मुक्के कुशवाहा द्वारा फेसबुक और इंस्टाग्राम पर क्षत्रिय, ब्राह्मण समाज, बजरंग दल और करणी सेना जैसे संगठनों को लक्षित करते हुए अपमानजनक और भड़काऊ शब्दों का प्रयोग किया गया है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया कि लखन कुशवाहा अकेला नहीं, बल्कि उसके साथ कुछ अन्य लोग भी इस तरह की आपत्तिजनक सामग्री शेयर और वायरल कर रहे हैं। शिकायतकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि इस तरह की पोस्टे समाज में जातीय विद्वेष और वैमनस्य को बढ़ावा दे रही हैं, जो जिले की सांप्रदायिक सौहार्द्र और सामाजिक एकता के लिए सीधा खतरा बन सकती हैं। उन्होंने कहा कि यदि इस तरह की टिप्पणियों पर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो यह स्थिति आगे चलकर गंभीर सामाजिक टकराव में बदल सकती है।

एसपी कार्यालय पहुंचे आवेदकों ने सोशल मीडिया पर वायरल हुए विवादित ऑडियो और वीडियो की कॉपियां भी पुलिस को सौंपी हैं। उन्होंने स्पष्ट मांग की कि इस मामले में संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। एडिशनल एसपी सीताराम ससत्या ने शिकायत प्राप्त कर मामले की जांच का आश्वासन दिया है और कहा है कि पूरे मामले की तकनीकी और विधिक पहलुओं से समीक्षा कर उचित कार्रवाई की जाएगी। यह घटना एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर करती है कि किस तरह सोशल मीडिया आज संवाद का माध्यम कम और समाज को बांटने का औज़ार ज़्यादा बनता जा रहा है। ऐसे में ज़रूरत है सख्ती की भी और सतर्कता की भी ताकि जातीय गरिमा और सामाजिक समरसता से खिलवाड़ करने वालों को सज़ा मिले, और डिजिटल ज़हर पर लगाम कसी जा सके।

---

# गड्ढों से उम्मीदों तक का सफर, सिंधिया की पहल से जर्जर मार्ग को मिली नई राह

हरिभूमि न्यूज ⏭ निवाड़ी/ओरछा

जो सड़क कभी धूल, गड्ढों और उपेक्षा की तस्वीर बन चुकी थी, वह अब विकास की नई रेखा बनने जा रही है। जेरोन से नेगुवां, कामदवारा, बासवान होते हुए रमपुरा तक का प्रमुख जिला मार्ग, जिसकी लंबाई लगभग 39 किलोमीटर है, अब सरकार की नजर में आ चुका है। इसकी चौड़ीकरण और उन्नयन की स्वीकृति ने पूरे इलाके में उम्मीदों की लहर दौड़ा दी है।

यह मार्ग सिर्फ निवाड़ी जिले को उत्तर प्रदेश से नहीं जोड़ता, बल्कि सैकड़ों गांवों की सांसों को भी राजधानी तक पहुंचाता है। वर्षों से यह सड़क टूटी, संकरी और खतरनाक हालात में थी, जिस पर चलना ग्रामीणों के लिए रोज़ का संघर्ष था। स्कूल जाते बच्चों से लेकर बीमार लेकर जा रहे लोगों तक इस सड़क ने हर वर्ग को तकलीफ दी थी। लेकिन अब वह दौर बीत चुका है।

इस परिवर्तन के केंद्र में हैं केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया। उन्होंने इस मार्ग की उपेक्षित दशा को संज्ञान में लेकर मध्यप्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह को पत्र लिखा। यह चिट्ठी सिर्फ एक औपचारिक दस्तावेज नहीं थी, बल्कि उसमें उस सड़क की दशा के साथ जनता की पीड़ा दर्ज थी। परिणामस्वरूप, शासन ने 111 करोड़ 80 लाख रुपए की लागत से इस मार्ग के कायाकल्प को स्वीकृति दी है।

सिंधिया पहले भी इस क्षेत्र के लिए विकास की कई सौगातें ला चुके हैं। बुंदेलखंड एक्सप्रेस और उदयपुर इंटरसिटी ट्रेनों का ओरछा में ठहराव हो, या आजादपुरा रेलवे फाटक पर अंडरब्रिज की स्वीकृति ये सिर्फ निर्माण नहीं, बल्कि ओरछा को एक अंतरराष्ट्रीय धार्मिक और सांस्कृतिक हब के रूप में स्थापित करने की योजनाओं की कड़ी हैं।



अब इस सड़क को मिली स्वीकृति से प्रतीत होता है कि सिंधिया का फोकस सिर्फ राजधानी नहीं, गाँव तक विकास पहुंचाने का है।

इस निर्णय पर भाजपा नेता विकास यादव ने प्रसन्नता व्यक्त की और मुख्यमंत्री मोहन यादव, सिंधिया व राकेश सिंह का आभार जताया। विकास यादव ने बताया कि यह मांग वर्षों पुरानी थी, जिसे उन्होंने जन-आंदोलन के रूप में उठाया और अंततः इसे केंद्रीय मंत्री तक पहुँचाया। उन्होंने कहा कि यह मार्ग सिर्फ कनेक्टिविटी नहीं, बल्कि आर्थिक गति, सामाजिक समरसता और पर्यटन संभावनाओं का द्वार खोलेगा।

नगर और ग्रामीण अंचल के नागरिकों ने भी राहत की सांस ली है। वर्षों से इस मार्ग को लेकर शिकायतें, जनसुनवाइयाँ और सीएम हेल्पलाइन में दर्ज मामलों के बाद आखिरकार प्रशासन ने जनता की आवाज़ सुनी है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि यह मार्ग गुणवत्ता और समयबद्ध तरीके से पूर्ण हुआ, तो यह क्षेत्र नए आर्थिक अवसरों का केंद्र बन सकता है।

---

### स्कूल से गुम हुआ किशोर, 24 घंटे में पुलिस ने सुरक्षित घर पहुंचाया

**टीकमगढ़।** जिले में एक 15 वर्षीय छात्र के रहस्यमयी ढंग से लापता हो जाने के मामले ने परिवार और मोहल्ले में बेचैनी फैला दी थी, लेकिन कोतवाली पुलिस की सजगता और सटीक कार्रवाई ने 24 घंटे के भीतर न सिर्फ बालक को दस्तयाब कर लिया, बल्कि आमजन के बीच पुलिस के प्रति विश्वास को और गहरा कर दिया। घटना 8 जुलाई 2025 की सुबह की है, जब एक 15 वर्षीय किशोर रोज की तरह स्कूल के लिए निकला था। लेकिन जब शाम तक वह घर नहीं लौटा, तो परिवार की चिंता गहराने लगी। रिश्तेदारों, परिचितों और आसपास के मोहल्लों में खोजबीन के बाद भी जब कोई सुराग नहीं मिला, तो 9 जुलाई को परिजन थाने पहुंचे और गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना कोतवाली में दर्ज रिपोर्ट को हल्के में नहीं लिया गया। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम ससत्या और एसडीओपी राहुल कटरे के मार्गदर्शन में तुरंत एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई। कोतवाली थाना प्रभारी उपेन्द्र छारी के नेतृत्व में बनी इस टीम ने कार्यवाही को मिशन मोड पर लिया। जैसे ही मामला अपराध बीएनएस के तहत दर्ज हुआ, पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, मोबाइल लोकेशन ट्रेस की गई और संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई। मेहनत रंग लाई और मात्र 24 घंटे के भीतर बालक को सुरक्षित दस्तयाब कर लिया गया। पुलिस द्वारा बालक को उसके परिजनों के सुपुर्द किए जाने के दौरान घर में जो दृश्य था, वह किसी भावनात्मक फिल्म से कम नहीं था, जहां आंसू, राहत और विश्वास एक साथ बह रहे थे। परिवार ने कोतवाली पुलिस और वरिष्ठ अधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि यदि पुलिस ने समय पर कार्यवाही न की होती, तो स्थिति बेहद भयावह हो सकती थी। इस सफलता में थाना प्रभारी उपेन्द्र छारी के नेतृत्व के साथ सहायक उप निरीक्षक मोहन पाण्डेय, प्रधान आरक्षक मनीष भदौरिया, प्रधान आरक्षक धर्मदास और आरक्षक शैलेन्द्र रावत की सक्रियता ने अहम भूमिका निभाई।

---

# अवैध टैक्सी स्टैंड से व्यापार चौपट, लोग हो रहे परेशान, एसडीएम से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़/बल्देवगढ़

नगर के अंबेडकर तिराहा से छतरपुर रोड तक का मुख्य मार्ग इन दिनों अवैध टैक्सी स्टैंड की चपेट में आ चुका है। रोज़ सुबह से देर रात तक टैक्सियाँ सड़क के दोनों ओर इस तरह खड़ी कर दी जाती हैं कि न दुकानदारों का व्यापार चल पा रहा है, न राहगीरों की आवाजाही सुगम रह गई है। दुकानदारों का कहना है कि टैक्सियाँ उनके दुकानों के सामने खड़ी रहती हैं, जिससे ग्राहक दुकान तक पहुँच ही नहीं पाते। धीरे-धीरे उनका व्यवसाय पूरी तरह प्रभावित हो रहा है।

यह मार्ग नगर का प्रमुख व्यवसायिक और आवागमन का रास्ता है, जहाँ से स्कूली बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएँ और सैकड़ों राहगीर प्रतिदिन गुजरते हैं। लेकिन अवैध रूप से बना यह टैक्सी स्टैंड अब लोगों के लिए सिरदर्द बन चुका है। जगह-जगह से वाहन भिड़ते हैं, आए दिन विवाद होते हैं और राहगीरों को जाम और धक्का-मुक्की झेलनी पड़ती है। नागरिकों ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में नगर परिषद से लेकर स्थानीय प्रशासन तक कई बार शिकायत की, लेकिन हर बार आश्वासन के सिवाय कुछ नहीं मिला।

व्यापारियों और नागरिकों का कहना है कि यह स्थिति अब असहनीय हो चुकी है। दुकानों का किराया, टैक्स और खर्चे तो नियमित हैं, लेकिन ग्राहक नदारद हो चुके हैं। ऐसे में रोज़ी-रोटी का



संकट गहराने लगा है। खास बात यह है कि नागरिक इस मुद्दे को लेकर पूर्व में भी 181 सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कर चुके हैं, बावजूद इसके कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ।

थक-हारकर अब नगरवासियों ने एक बार फिर एकजुट होकर अनुविभागीय अधिकारी बल्देवगढ़ को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें सात दिनों के भीतर टैक्सी स्टैंड हटाने और वैकल्पिक स्थान पर व्यवस्थित करने की माँग की गई है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि समाधान नहीं हुआ तो वे आगामी दिनों में जनआंदोलन का रास्ता अपनाएंगे।

नगर की यह समस्या न केवल ट्रैफिक अव्यवस्था की प्रतीक है, बल्कि यह दर्शाती है कि स्थानीय निकाय और ट्रैफिक प्रशासन किस हद तक उदासीन बने हुए हैं। ऐसे में देखना होगा कि एसडीएम इस जनहित के मुद्दे पर कितना त्वरित और प्रभावी निर्णय लेते हैं।

---

# भरोसे की नींव, सशक्त नारी की राह, पुलिस बनी महिलाओं की शक्ति-संगिनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

महिलाओं की सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और अधिकारों के संरक्षण को लेकर टीकमगढ़ पुलिस ने एक समेकित पहल की है, जिसका नाम है 'नीड, परी, भरोसा, सहारा, आसरा'। यह बहुआयामी अभियान अब सिर्फ एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि ग्रामीण अंचलों तक पहुंचने वाली एक सशक्त आवाज बनता जा रहा है।

महिला थाना के माध्यम से लगातार जनजागरूकता कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है, जिसमें न सिर्फ महिलाएं बल्कि किशोरियां, छात्राएं और आमजन भी सक्रिय रूप से शामिल हो रहे हैं। 11 जुलाई को आयोजित जागरूकता शिविर में क्षेत्र की



महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, आत्मरक्षा उपायों और आपातकालीन संसाधनों की जानकारी दी गई।

पुलिस की ओर से जिले के सभी थाना और चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि वे दूरस्थ, आदिवासी और पिछड़े क्षेत्रों की महिलाओं तक इस अभियान की पहुँच बनाएं। 'पुलिस आपकी साथी' की भावना के साथ जनसंपर्क शिविरों के माध्यम से भरोसे की एक मजबूत डोर बुनी जा रही है।

गांव-गांव में गुड टच बैड टच जैसे विषयों पर व्यवहारिक प्रशिक्षण देकर बालिकाओं को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही महिला हेल्पलाइन 1030, साइबर हेल्पलाइन 1930 और इमरजेंसी नंबर 100 जैसी सेवाओं की जानकारी भी घर-घर तक पहुंचाई जा रही है। इस अभियान का लक्ष्य सिर्फ सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह महिलाओं को अधिकारों की समझ, आत्मविश्वास और निर्णय लेने की शक्ति भी दे रहा है। यह पहल टीकमगढ़ को एक ऐसा जिला बनाने की दिशा में अग्रसर है, जहां हर महिला खुद को न सिर्फ सुरक्षित, बल्कि सशक्त भी महसूस करें।

### एसपी मंडलोई का संदेश

महिला सुरक्षा केवल एक दायित्व नहीं, अपितु प्राथमिकता है। हमारा यह अभियान महिलाओं को उनके अधिकारों से परिचित कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक दृढ़ प्रयास है। टीकमगढ़ पुलिस, समाज में सुरक्षा और विश्वास का वातावरण निर्मित करने के लिए निरंतर सक्रिय हैं।

---

# ट्रैक्टर से कीचड़ फैलाने पर भिड़ गए दो पक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़/अस्तोंन

बारिश के मौसम में जहां एक ओर गांवों की सड़कों की स्थिति दुर्दशाग्रस्त है, वहीं दूसरी ओर इसी दुर्दशा ने शुक्रवार को अस्तोंन गांव में दो पक्षों के बीच ऐसा विवाद खड़ा कर दिया जो मारपीट तक जा पहुंचा। कीचड़ भरी सड़क पर ट्रैक्टर चलाने की जिद और विरोध के चलते एक दंपती को लाठी-डंडों से पीट दिया गया। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

### घटना का विवरण

कोतवाली थाना प्रभारी उपेन्द्र छारी के अनुसार, घायल बबलू कुशवाहा ने शिकायत दी है कि शुक्रवार को चेनू, शैलेंद्र और राघवेंद्र कुशवाहा नामक व्यक्ति जानबूझकर उसके घर के सामने से ट्रैक्टर निकाल रहे थे। जबकि भारी बारिश के चलते घर के सामने की कच्ची सड़क कीचड़ और दलदल में तब्दील हो चुकी थी। ट्रैक्टर के आने-जाने से कीचड़ सीधे घर के दरवाजे तक फैल रहा था। जब बबलू कुशवाहा ने ट्रैक्टर निकालने से मना किया, तो कथित आरोपियों ने आक्रोश में आकर गाली-गलौज की और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर उनकी पत्नी भी बीच-बचाव में आई, लेकिन हमलावरों ने महिला को भी नहीं बख्शा और लाठी-डंडों से दोनों की बेरहमी से पिटाई कर दी।



### मामले में एफआईआर दर्ज, मेडिकल परीक्षण जारी

घायल दंपती की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आईपीसी की संबंधित धाराओं में प्रकरण क्रमांक दर्ज करते हुए चेनू, शैलेंद्र और राघवेंद्र कुशवाहा के खिलाफ केस पंजीबद्ध किया है। पुलिस द्वारा दोनों पीड़ितों का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि पूरे मामले की विवेचना की जा रही है, और दोषियों पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में माहौल थोड़ा तनावपूर्ण है। हालांकि, कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और दोनों पक्षों से संयम बनाए रखने की अपील की है। गांव के सरपंच और बुजुर्गों से भी आपसी समझदारी बनाए रखने की बात कही गई है।

### ई केवाईसी कराने वाले 47697 हितग्राही हो गए खाद्यान्न से वंचित

# 80 फीसद लक्ष्य हासिल करने के बाद संतुष्टि जता रहे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

समग्र आईडी को आधार से जोड़कर ई केवाईसी कराने के युद्ध स्तर के अभियान के दौरान इस समय कर्मचारियों में अल्प विराम सा नज़ारा देखने को मिल रहा है। हालांकि शत प्रतिशत हितग्राहियों की ई केवाईसी अभी नहीं हो सकी है लेकिन कर्मचारी इसे लक्ष्य की पूर्ति समझ कर ऐसे ठंडे पड़ गए हैं जैसे उन्होंने लक्ष्य हासिल कर लिया हो। 30 जून तक जिले में 80 फीसद से अधिक हितग्राहियों के आधार को समग्र आईडी से लिंक करा कर ई केवाईसी करने में कर्मचारी सफल रहे हैं लेकिन अभी भी करीब 20 फीसद लोग इससे वंचित बने हुए हैं उधर नागरिक आपूर्ति विभाग सेवाओं की बात करें तो ई केवाईसी नहीं कराने वाले 47697 हितग्राही माह जून का खाद्यान्न लेने से वंचित कर दिए गए हैं।

मई और जून माह में जिला प्रशासन ने ई केवाईसी को कराने के काम को प्राथमिकता देकर युद्ध स्तर पर कराया था। करीब 50 फीसद हितग्राही ई केवाईसी से वंचित बने हुए थे जिसके चलते उन पर शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित बने रहने का खतरा मंडरा रहा था। पात्र हितग्राही ई केवाईसी नहीं होने के कारण योजना का लाभ लेने से वंचित न रह जाए इस उद्देश्य से कलेक्टर ने इस अभियान को युद्ध स्तर पर करने के निर्देश दिए थे जिसके तहत नगर पालिका में कुछ कर्मचारियों को सस्पेंड करने और कुछ को बर्खास्त करने के साथ-साथ कईयों के वेतन रोकने की कार्रवाई भी की गई थी कर्मचारी दिन रात मेहनत कर ई केवाईसी करने में लग रहे अथक प्रयासों के बावजूद 30 जून तक 80 फीसद हितग्राहियों की ई केवाईसी ही हो सकी हालांकि अभी 20 फीसद हितग्राहियों की ई केवाईसी करना बाकी है लेकिन जो कर्मचारी इस काम को 30 जून से पहले घर-घर पहुंचकर कर रहे थे और वार्डों में कैंप लगाकर सामूहिक रूप से ई केवाईसी करा रहे थे वह अब ऑफिस में लौट गए हैं और ऑफिसर में पेंडिंग पड़े कामों को निपटने में लगे हुए हैं। ईकेवाईसी के काम में अचानक आई शिथिलता चर्चा का विषय है क्योंकि अभी भी 20 फीसद लोग ईकेवाईसी से वंचित बने हुए हैं लेकिन प्रशासन का मानना यह भी है कि हो सकता है कि इनमें से अधिकतर हितग्राही फर्जी हो।



#### फर्जी गरीब 3 माह के खाद्यान्न से वंचित

नागरिक आपूर्ति विभाग की बात करें तो पीडीएस दुकानों के माध्यम से जिले में निशुल्क खाद्यान्न प्राप्त करने वाले हितग्राही चार लाख 20 हजार 529 थे जिनमें से 372832 ई केवाईसी करा सके हैं। 47697 हितग्राही ऐसे हैं जिन्हें ई केवाईसी नहीं कराने पर दुकानदार में खाद्यान्न देने से इनकार कर दिया है। ज्ञात हो की जून माह में शासन के निर्देश पर वर्षा काल को देखते हुए तीन माह का खाद्यान्न एक साथ दिया गया था। इसके बावजूद इन हितग्राहियों का पीडीएस दुकान पर नहीं पहुंचने को यह कारण माना जा रहा है कि उक्त हितग्राही फर्जी गरीब बने हुए थे जो अपने आधार को समग्र आईडी से लिंक नहीं कर पाए।

#### ई केवाईसी कराना क्यों जरूरी

किसी भी नागरिक का ई-केवायसी नहीं होने पर उसे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना, लाडली लक्ष्मी योजना सहित प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना और ऐसी कई योजनाओं का लाभ नहीं मिल सकेगा। इसके अलावा आय प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, स्थाई निवासी प्रमाण-पत्र, छात्रवृत्ति पोर्टल पर पंजीयन के साथ ही उनका रोजगार पंजीयन भी नहीं किया जा सकेगा। राशन न मिलने के साथही संबल और पेंशन योजना का लाभी मिलना बंद हो जाएगा।

#### इनका कहना..

30 जून तक दर्ज हितग्राहियों में से 47697 ई केवाईसी नहीं करा सके हैं। उन्हें 15 जुलाई तक अंतिम अवसर और दिया गया है अगर वह ई केवाईसी करा लेते हैं तो उन्हें तीन माह का खाद्यान्न एक साथ दिया जाएगा।

**सुनील दत्त शर्मा**
प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी,श्योपुर

### घरों के साथ ही मंदिरों में शिवजी की आराधना का पर्व सावन मास शुरू

# भोलेनाथ की आराधना में रमे भक्त, हर हर महादेव की ध्वनि से गूंजे शिवालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



भगवान शिव का प्रिय माह सावन मास शुक्रवार से शुरू हो गया है। इसके साथही भक्त भगवान भोलेनाथ की भक्ति में रम गए है। सावन के पहले दिन शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं का दर्शनों के लिए तांता लग गया।

दिनभर शिवालय हर हर महादेव की ध्वनि से गुंजायमान होते रहे। श्रद्धालु सुबह से ही दर्शन, पूजन और जलाभिषेक करने पहुंचे। हालांकि, बड़े मंदिरों में भक्तों को गर्भगृह तक जाने की अनुमति नहीं होने से दूर से ही भक्त दर्शन करते रहे। मंदिर प्रबंधन ने बड़े से पात्र में जल अर्पित की व्यवस्था की थी।

सावन मास के पहले दिन शुक्रवार को शिव भक्तों ने उल्लास के साथ शिवालयों में पहुंचकर पूजा अर्चना की। शिवालय मंदिरों में लोगों ने शिवजी का अभिषेक किया। सावन के महीने में भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा की जाती है। भगवान शिव की पूजा के लिए फूल, पंच फल पंच मेवा, दही, शुद्ध देशी घी, शहद, गंगा जल, पवित्र जल, पंच रस, इत्र, गंध रोली, मौली जनेऊ, पंच मिष्ठान्न, बिल्वपत्र, धतूरा, भांग, बेर, आम्र मंजरी, जौ की बालें, तुलसी दल, गाय का कच्चा दूध, कपूर, धूप, दीप, चंदन से शिव व मां पार्वती की श्रृंगार की सामग्री आदि से पूजा-अर्चना की गई। श्रावण माह शुरू होते भगवान भोलेनाथ की भक्ति में लीन हो गए है। नगर के सभी शिवालयों पर भक्तों की भीड़ लगी रही। ऊं नमः शिवाय मंत्र जाप हर गली मोहल्ले सुनाई पड़ रहा है।

### जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट ने सौंपा ज्ञापन

# धरती मां करें पुकार, नहीं सहेंगे जनसंख्या का भार, बढ़ती जो आबादी है देश की बर्बादी है...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



धरती मां करें पुकार नहीं सहेंगे जनसंख्या का भार, देश का एक ही कानून दो बच्चों का हों जूनून, बढ़ती जो आबादी है देश की बर्बादी है, जैसे नारे लगाते हुए शुक्रवार को राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट कार्यालय गेट पर एकत्रित होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम एक ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर संजय जैन को सौंपा और अतिशीघ्र जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू किए जाने की मांग पुरजोर तरीके से उठाई। इसके पूर्व हिंदू फ्रंट के कार्यकर्ताओं द्वारा शहर में एक बाइक रैली भी निकाली गई।

जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट जिला श्योपुर के बैनर तले कार्यकर्ता शुक्रवार की सुबह 10:30 बजे राष्ट्र व्यापी कार्यक्रम के तहत श्री रामतलाई हनुमान मंदिर पर एकत्रित हुए। बडी संख्या में जुटे कार्यकर्ता बाइकों पर सवार होकर शहर के बाजारों में एक घंटे के लिए दुकान बंद कराने का आह्वान करते हुए गुजरे। पटेल चौक, बडौदा रोड, पुल दरवाजा, गणेश बाजार, मुख्य बाजार, जय स्तंभ चौक और शिवपुरी रोड होते हुए यह बाइक रैली कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंची। जहां राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट गेट पर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद डिप्टी कलेक्टर संजय जैन को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संगठन ने देश में तेजी से बढ़ती जनसंख्या को राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक संसाधनों एवं सामाजिक संतुलन के लिए गंभीर खतरा बताते हुए पुरजोर तरीके से मांग उठाई कि सरकार शीघ्र "जनसंख्या नियंत्रण कानून" बनाने के साथही अवैध घुसपैटियों को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए तथा समान नागरिकता काननू भी बनाकर उसे प्रभावी रूप से लागू करे। ज्ञापन में आतंकवाद के विरुद्ध सख्त कार्रवाई को भी सराहते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना की गई।

ज्ञापन सौंपने के दौरान राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के जिलाध्यक्ष कमल सिंह गौतम, भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा सुरेंद्र जाट, भाजयुमो जिलाध्यक्ष मोनू सोनी, नगर पालिका अध्यक्ष रेनु सुजीत गर्ग,डॉ ओपी टकसाली, श्याम सिंह मीणा, सरिता कुशवाह, रतना जादौन, सीमा सक्सैना, संजय मंगल, कौशल गौतम, राज बहादुर सिंह मारू सहित बडी संख्या में राष्ट्रभक्त लोग मौजूद थे।

# मृतक की गर्दन पर हंसिया से किया था वार ,पुलिस ने दर्ज किया हत्या का केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बीते रविवार को मूंडला गांव के हार में घायल अवस्था में मिले भोजराज बैरवा की इलाज के दौरान हुई मौत के मामले की बडौदा थाना पुलिस को पीएम रिपोर्ट मिल गई है। पीएम रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से हत्या किए जाने की पुष्टि तो नहीं हुई है,लेकिन इसका बात का पता जरूर चल गया है कि उसकी गर्दन पर जो गंभीर चोट के निशान थे, वे हसिया जैसे धारदार हथियार के जोरदार वार किए जाने से लग रहे है। फिलहाल इस मामले में बडौदा थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर हत्या का मामला दर्ज करते हुए उसकी तलाश भी शुरू कर दी है।

यहां बता दें कि बीते रविवार को ग्राम मूंडला निवासी भोजराज बैरवा 35 वर्ष पुत्र मंशाराम बैरवा खेत पर घायल अवस्था में पडा मिला। उसकी गर्दन पर इतनी अधिक चोट थी कि वह बोलने में भी असमर्थ नजर आ रहा था। घायल अवस्था में अस्पताल लाए गए भोजराज की जिला अस्पताल श्योपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। गर्दन में नजर आ रहे चोटों के निशानों से उसकी हत्या किए जाने का अंदेशा लग रहा था। उस समय पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों के सौंपा दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। जिला अस्पताल से इस मामले की पीएम रिपोर्ट पुलिस को मिल गई है। पीएम रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख किया गया है कि भोजराज की गर्दन पर जो गंभीर चोट के निशान थे,वह हसिया जैसे किसी धारदार हथियार के वार के लग रहे है। पुलिस को भी घटना स्थल पर हसिया पडा मिला था। बडौदा टीआई सत्यम सिंह गुर्जर ने बताया कि मृतक की गर्दन पर जो चोट के निशान थे, वे हसिया के ही है, लेकिन हसियां से गर्दन पर वार किसने किया,इसका फिलहाल पता नहीं है। उधर परिजन भी किसी पर कोई संदेह भी व्यक्त नहीं कर रहे है। फिलहाल पीएम रिपोर्ट से अध्ययन के बाद इस मामले में हत्या का मामला दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

# लापता किशोरी का एक माह बाद भी नहीं लगा कोई सुराग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अडूसा से संदिग्ध परिस्थितियों के बीच लापता हुई एक किशोरी को ढूंढने के लिए पुलिस हर संभव प्रयास कर रही है,लेकिन फिलहाल किशोरी कोई अता पता नहीं है। इस मामले की जांच कर रहे उप निरीक्षक रवि सिंह कुशवाह ने बताया कि ग्राम अडूसा निवासी 17 वर्षीय किशोरी 7-8 जून की दरमियानी रात को अपने घर से लापता हुई है। किशोरी की तलाश के लिए जहां उसके नाते रिश्तेदारी में पूछताछ कर ली है। वहीं आसपास के थानों में भी किशोरी के फोटो भेजकर वहां की पुलिस से भी इस संबंध में सहयोग मांगा जा रहा है।

#### कराहल की दो पंचायतों में सरपंचों का निर्विरोध निर्वाचन

**श्योपुर।** जनपद पंचायत कराहल की ग्राम पंचायत सिलपुरी में सरपंच पद पर नितिनराज आदिवासी तथा पिपरानी पंचायत में द्रोपदी बाई आदिवासी का निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। जबकि ग्राम पंचायत मोरावन में नाम वापसी के बाद 4 अभ्यर्थी बलराम आदिवासी, बिझां, बृजेश आदिवासी एवं रामचंद्र आदिवासी शेष रहे गये है। वही दूसरी ग्राम पंचायत जाखदा में सरपंच पद के लिए दो अभ्यर्थी कुशमा आदिवासी एवं पिस्ता आदिवासी ग्राम जाखदा शेष रहे है। श्योपुर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत दलारना कला में हो रहे उप निर्वाचन के तहत सरपंच पद पर नाम वापसी उपरांत 4 अभ्यर्थी बृजलता शर्मा, छोटाबाई गुर्जर, मुकलेश मीणा एवं शिमला मीणा शेष रहे है।

# 38 फीट भरा आवदा डैम, कलेक्टर ने किया अवलोकन



**श्योपुर।** स्टेट टाइम का बना आवदा डैम अच्छी बारिश के चलते सावन मास में 38 फीट भर गया है, बांध की भराव क्षमता लगभग 42 फीट है। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने शुक्रवार को अफसरों के साथ आवदा पहुंचकर बांध का अवलोकन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई आदिवासी, अपर कलेक्टर अतेन्द्र सिंह गुर्जर, एसडीएम मनोज गढवाल, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री चैतन्य चौहान, सीईओ जनपद राकेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।कलेक्टर अर्पित वर्मा ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि डैम पर एसडीओ एरिकेशन सहित अन्य कर्मचारी की ड्यूटी लगाई जाये तथा जलस्तर पर निगरानी रखी जायें, इसके साथ ही उन्होने एसडीएम को निर्देश दिये कि संबंधित पटवारी, पंचायत सचिव की ड्यूटी भी लगाई जायें तथा प्रतिदिन अपडेट लिया जायें। उन्होने एरिकेशन के अधिकारियों को निर्देश दिये कि आवदा बांध की मरम्मत कार्य के लिए नये सिरे से स्टीमेंट बनाकर उनके माध्यम से विभाग को भेजा जायें। कलेक्टर ने बांध की दीवार की मजबूती के लिए डाउन स्ट्रीम में बांध की दीवार के नीचे दो साल पूर्व किये गये राफ्ट कार्य का जायजा लिया गया एवं बांध का अवलोकन करते हुए नहर के माध्यम से होने वाले सिंचाई व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली गई।

#### सेसईपुरा ग्राम पंचायत सचिव निलंबित

**श्योपुर।** जिपं सीईओ अतेन्द्र सिंह गुर्जर ने कराहल की ग्राम पंचायत सेंसईपुरा के सचिव शिव सिंह यादव को सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण में रूचि नही लेने सहित पंचायत के कार्यो में उदासीनता बरतने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की कार्यवाही की गई है। निलंबन काल में मुख्यालय जनपद पंचायत कराहल किया गया है तथा सचिव का प्रभार रोजगार सहायक माधो सिंह गुर्जर को सौपा गया है।

# फोटोकॉपी कराने रुके दुकानदार के 98 हजार पार, दो युवक कैमरे में कैद

**शहर के शिवपुरी रोड क्षेत्र में हुई वारदात, आरोपियों की तलाश में जुटी कोतवाली पुलिस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बैंक से रूपए निकालकर घर लौट रहे एक दुकानदार के 98 हजार रूपए तब पार हो गए,जब वह फोटो कॉपी कराने के लिए एक फोटोकॉपी की दुकान पर रूका। यहां मौका पाकर उसके पीछे लगे दो युवक रूपयों से भरी थैली को उठाकर चंपत हो गए। यह घटना शुक्रवार की दोपहर को शहर के शिवपुरी रोड क्षेत्र की है। रूपए लेकर चंपत हुए आरोपियों का फिलहाल कोई अता पता नहीं है। लेकिन दो संदेही युवक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। जिन्हें कोतवाली थाना पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से ढूंढ रही है।

पुलिस के मुताबिक शहर के मुख्य बाजार में रेडीमेड कपडो की दुकान लगाने वाले ब्रह्मानंद मित्तल 50 वर्ष पुत्र मोहनलाल मित्तल शुक्रवार को मप्र ग्रामीण बैंक की शिवपुरी रोड स्थित बैंक शाखा से एक लाख रूपए निकालने के लिए पहुंचे थे। यहां उन्होने बैंक से एक लाख रूपए निकालने के बाद 2 हजार रूपए अपनी पेंट की जेब में रख लिए,जबकि 98 हजार रूपए एक थैली में रख लिए और उस थैली को उठाकर बाइक से इसी रोड पर श्रीरामतलाई हनुमान मंदिर के सामने मौजूद फोटोकॉपी की दुकान पर फोटो कॉपी कराने के लिए रूके। जहां उन्होने रूपयों से भरी थैली दुकान में रखे सोपे पर रख दी और फोटोकॉपी कराने लग गए। इस दौरान थैली से ध्यान हटते ही उनके पीछे लगे दो युवक किसी तरह नजर चुराकर रूपयों की थैली को उठाकर चंपत हो गए। फोटोकॉपी कराने के बाद जब ब्रह्मानंद मित्तल ने थैली उठाने के लिए सोपे की तरफ नजर दौडाई तो वे हक्के बक्के रह गए,क्योंकि सोपे पर रखी थैली गायब थी। इसकी शिकायत उन्होने तत्काल कोतवाली थाने पहुंचकर दर्ज कराई। जिसके बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने आसपास की दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला तो दो संदेही युवक कैमरे में नजर आए। बताया जा रहा है कि कैमरे में दिख रहे दोनो युवक ही रूपयों से भरी थैली को उठाकर भागे है। कोतवाली टीआई दिनेश सिंह राजपूत ने बताया कि चोरी का मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के जरिए आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### आरटीई के तहत श्योपुर जिले में 447 सीटों पर विद्यार्थियों को मिलना था अधिकार

# निजी स्कूलों में 379 गरीब बच्चों को निःशुल्क प्रवेश, 68 वंचितों में से श्योपुर ब्लॉक के 61

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत जिले सहित प्रदेशभर के सभी निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश का दूसरा चरण भी सम्पन्न हो गया है। दोनों चरणों के सम्पन्न होने के बाद श्योपुर जिले के 379 गरीब बच्चों को ही निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश मिल सका है। जबकि 68 बच्चे अपनी पसंद के निजी स्कूल में प्रवेश पाने से वंचित रह गए है। अब वंचित रह गए 68 बच्चों को निःशुल्क प्रवेश के तीसरे चरण के तहत अपनी पसंद के निजी स्कूलों में प्रवेश पाने की उम्मीद है। क्योंकि तीसरा चरण शुरू होगा,तभी वंचित बच्चों को निःशुल्क प्रवेश मिल सकेगा। लेकिन यह तीसरा चरण कब शुरू होगा,इसके लिए शासन की ओर से फिलहाल कोई कार्यक्रम जारी नहीं किया गया है।

बताया गया है कि जिले में 144 निजी स्कूल संचालित हो रहे है। जिनमें 18 नए खोले गए निजी स्कूल भी शामिल है। लेकिन वर्तमान में आरटीई के तहत निःशुल्क प्रवेश के दायरे में पहले से जिले में संचालित 126 निजी स्कूल ही आ रहे है। इसलिए इन 126 निजी स्कूलों में आरटीई के तहत गरीब बच्चों के निःशुल्क प्रवेश के लिए 447 सीटे निर्धारित की गई। राज्य शिक्षा केन्द्र के द्वारा निःशुल्क प्रवेश के पहले चरण का जो कार्यक्रम जारी किया गया था,उस कार्यक्रम के तहत श्योपुर जिले में पहले चरण अंतर्गत 405 गरीब बच्चों को प्रवेश दिलाने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया और पहले चरण के तहत 369 गरीब बच्चों को निजी स्कूलों में निःशुल्क मिल गया। इसके बाद दूसरे चरण के तहत 42 गरीब बच्चों को निःशुल्क प्रवेश दिलाए जाने का कार्यक्रम निर्धारित हुआ। लेकिन दूसरे चरण के दौरान सिर्फ 10 गरीब बच्चों को निःशुल्क मिल सका। इस तरह दोनो चरणो के दौरान 379 बच्चे ही निजी स्कूलो में निःशुल्क प्रवेश पा सके है और 68 बच्चे निःशुल्क प्रवेश से वंचित रह गए है।

इस संबंध में डीपीसी डॉ पीएस गोयल का कहना है कि आरटीई के तहत निःशुल्क प्रवेश के लिए दोनो चरण सम्पन्न हो गए है। निःशुल्क प्रवेश के लिए अब तीसरा चरण कब होगा,इसका फिलहाल कार्यक्रम राज्य शिक्षा केन्द्र से जारी नहीं हुआ है।




#### 447 सीटों के लिए आए थे 567 आवेदन

जिला शिक्षा केन्द्र से मिली जानकारी के अनुसार श्योपुर जिले को आरटीई के तहत निःशुल्क प्रवेश के लिए 447 सीटे आवंटित हुई थी। इन आंवटित सीटों पर प्रवेश पाने के लिए 567 आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हुए थे। लेकिन आवेदनों के सत्यापन के दौरान 509 आवेदन ही पात्र पाए गए और 58 आवेदन कुछ खामियों के कारण निरस्त हो गए।

#### श्योपुर ब्लॉक में सर्वाधिक विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं

यूं तो श्योपुर ब्लॉक के सर्वाधित बच्चे ही निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश पाने में सफल रह गए है। लेकिन वंचित रहने वाले बच्चों की संख्या भी श्योपुर ब्लॉक में ही सर्वाधिक रही है। दरअसल दोनों चरण के तहत श्योपुर ब्लॉक में 389 सीटों पर निःशुल्क प्रवेश होना था,लेकिन दोनों चरणों में निःशुल्क प्रवेश 328 बच्चों का ही हो सका है। जबकि 61 बच्चे वंचित रह गए है। जबकि विजयपुर ब्लॉक में निःशुल्क प्रवेश के लिए 9 सीटे निर्धारित थी और पहले चरण के दौरान 9 सीटों पर निःशुल्क प्रवेश हो गया। इसी प्रकार कराहल ब्लॉक में पहले चरण के दौरान 45 सीटे और दूसरे चरण के दौरान 4 सीटों पर निशुल्क प्रवेश होना था,लेकिन 42 बच्चों का ही निःशुल्क प्रवेश हो सका। 7 बच्चे निःशुल्क प्रवेश से वंचित रह गए।

# चंबल नहर फूटने से हुए नुकसान का मुआवजा देने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



विगत दिनों ढोटी के पास चंबल दायिनी नहर के फूट जाने से किसानों को हुए नुकसान का मुआवजा दिए जाने की मांग को लेकर किसान नेता राधेश्याम मूंडला के नेतृत्व में किसानों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते हुए डिप्टी कलेक्टर संजय जैन को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में उल्लेख है कि विगत दिनों चंबल दाहिनी नहर टूटने से बगवाड़ा, ढोटी, टर्रा माफी, पीतना खेड़ली, आसीदा, बिलवाड़ा सहित कई गांवों में जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई इससे खेतों में खड़ी फ़सल खराब हो गई, ओर किसानों के घरों में पानी घुस जाने से घर ग्रस्ति का सामान भी बर्बाद हो गया। जहां प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिए जाने मांग की गई वहीं क्षतिग्रस्त नहर की तत्काल मरम्मत की मांग की गई साथ ही लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग भी की गई। मांगे पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी।

## खबर संक्षेप



### तीन तीन मामलों में फरार दो वारंटी गिरफ्तार

**दिनारा** । दिनारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर से दो स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया उक्त दोनों आरोपियों पर वर्ष 2019 में तीन तीन मामलों में न्यायालय में मामला विचाराधीन था और तभी से दोनों आरोपी फरार चल रहे थे न्यायालय करैरा ने उक्त आरोपियों पर तीन तीन स्थाई वारंट जारी थे जिस पर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर से आरोपी बसंत पुत्र सीताराम ढीमर 39 श्रीराम पुत्र सीताराम 30 निवासी खडेसरा थाना बरूआसागर जिला झांसी उप्र को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

### लेखपाल पर धन मांगने का आरोप लगाया

**ललितपुर**। कस्बा बांसी के मोहल्ला नदीपुरा निवासी मीरा पत्नी स्व. कल्यान रैकवार ने चौकी प्रभारी को ज्ञापन देकर लेखपाल व उसके गुर्गो पर अवैध धन की मांग करने, न देने पर मकान का काम रूकवान का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। महिला ने बताया कि वह वर्षो से अपने परिजनों के साथ पुराने मकान में निवास करती आ रही है। कुछ दिन पूर्व उसने पुराने मकान को तुड़वाकर नया मकान का निर्माण करवा रही है। आरोप है कि विगत एक सप्ताह से लेखपाल एवं उसके गुर्गे अवैध रूप से पचास हजार रूपए की मांग कर रहे हैं। रूपए न देने पर उनके द्वारा निर्माण कार्य रोके जाने की धमकी दी जा रही है। उसके द्वारा गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी जा रह है। पीडिता ने लेखपाल व उसके गुर्गो पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### पत्नी की मौत के बाद पति की भी मौत, जहर खाया था

**ललितपुर**। घरेलू विवाद में पति पत्नी ने जहर खा लिया था। जिसके चलते पत्नी की मौत के 14 घंटे बाद पति की भी उपचार के दौरान झांसी मेडीकल कालेज में मौत हो गई। गुरूवार को जहां पत्नी के शव का पोस्टमार्टम हुआ। वहीं झांसी में पति के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इधर मृतका के परिजनों ने बताया कि दोनों प्यार चलता था, उन्हीं दोनों की जिद पर परिजनों ने शादी करायी थी। लेकिन शादी के बाद से मृतका ससुरालीजन परेशान कर रहे थे। उन्होंने ही जहर देकर मार डाला। कोतवाली तालबेहट अंतर्गत मोहल्ला तिवरयाना वार्ड नंबर 4 निवासी 24 वर्षीय निशा व उसके पति 27 वर्षीय शिवम कुमार ने बुधवार को दोपहर एक बजे के दम्यान घरेलू विवाद के चलते जहर खा लिया था। जिससे चलते उनकी हालत बिगडने पर परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाए थे, जहां निशा को मृत घोषित कर दिया था।

### संदिग्ध अवस्था में युवक की मौत

**ललितपुर**। संदिग्ध अवस्था में एक किसान की मौत हो गई। वहीं परिजनों ने सांप के डसने से मौत होने की आशंका जताई है। दूसरी ओर मृतक के ससुर ने मौत को लेकर संदेह जताया है। पुलिस ने शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए, भेज दिया। थाना बानपुर अंतर्गत ग्राम कचनौंदा निवासी 38 वर्षीय मदनलाल अपनी मौसी के घर ग्राम धोबनखेरी गया हुआ था। इधर रात में उसकी तबीयत बिगड़ गई। जिसके परिजन उसे झाडफूंक कराने के लिए ले गए। गुरूवार दोपहर उसे उपचार के लिए मेडीकल कालेज लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई सोनू ने बताया कि उसका भाई मौसी के घर गया हुआ था। जहां सांप ने रात में डस लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। जिसके बाद उसे अस्पताल ले गए। जहां उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं उसने बताया कि मृतक की शादी हो चुकी थी। वह अपने मायके बगरौआ गयी हुयी थी। वहीं मृतक के ससुर बालचंद्र ने दामाद की मौत को लेकर परिजनों पर आशंका जताई है।

## भाजपा जिला ईकाई ने मंडल ईकाई के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया

# गुरु पूर्णिमा पर संत समाज का सम्मान कर लिया उनसे आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर जिला इकाई भाजपा ने सन्त समाज का सम्मान किया। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सन्त समाज सम्मान का आयोजन किया गया एवं गुरु पूजन किया गया। इस अवसर पर जिला से लेकर भारतीय जनता पार्टी की मण्डल इकाई तक मण्डल अध्यक्ष गणों और जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर स्थानीय धार्मिक स्थलों, मठों, मन्दिरों, आश्रमों पर पहुंच कर सन्त समाज का चरण बन्दन, अभिनन्दन कर उन्हें माल्यार्पण कर ,तिलक लगा कर सम्मान किया गया और आशीर्वाद लिया गया।इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने चंडी धाम पहुंच कर अनंत विभूषित चंडीपीठाधीश्वराचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी चन्द्रेश्वर गिरि महाराज का सम्मान किया। इसके बाद तुवन मंदिर पहुंचकर महन्त श्री राम-लखन दासका सम्मान किया गया। इसके बाद नृसिंह मंदिर पहुंच कर नृसिंह लक्ष्मी मन्दिर भगवान के पुजारी जी का सम्मान किया गया। तत्पश्चात राजाराम मन्दिर में पुजारी महाराज महादेव जी का सम्मान किया गया और श्री गुरुद्वारा साहिब पहुंच कर गुरुद्वारा के ग्रंथी साहब ज्ञानी दलजीत सिंह एवं प्रभजोत सिंह का भी सम्मान श्रीफल भेंट कर एवं शाल उड़ा कर किया गया।

### निर्मल सागर महाराज से आशीर्वाद प्राप्त लिया

तत्पश्चात दिगम्बर जैन अटा मन्दिर में पहुंच कर आचार्य श्री निर्मल सागर महाराज को



श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी का सिद्धांत सांस्कृतिक राष्ट्रवाद है और पार्टी के उच्च नेतृत्व के निर्देश पर आज हम लोगों ने धार्मिक स्थलों पर जाकर गुरुपूजन करआशीर्वाद गृहण किया। हमारी जिला इकाई और मण्डल इकाईयों ने अधिक से अधिक धर्म क्षेत्रों में पहुंच कर गुरु पूजा की और सन्तों का सम्मान किया। इस दौरान उनके साथ जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के सदस्य प्रदीप चौबे, पूर्व अध्यक्ष जगदीश सिंह लोधी जिला महामंत्री महेश श्रीवास्तव भैया, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु,निवर्तमान नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, जिला मंत्री निखिल तिवारी, दीपक परासर,ध्रुव प्रताप सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा गौरव गौतम, कार्यालय प्रभारी शशिशेखर पांडेय, किंजल्क हुड्डैत आदि उपस्थित रहे।

### गुरु पूजन किया गया

सर्वेश्वर धाम पर जगतगुरु स्वामी कृष्णागिरी महाराज की मौजूदगी में गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस आयोजन में उन्होंने गुरु पूजन के उपरांत भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रभु में आस्था की जीवन में कल्याण का मार्ग है उन्होंने भक्तों से जीवन में संस्कारों को धारण करने पर बल दिया। इस मौके पर स्वामी अमरानंद सरस्वती हरेंद्र शर्मा संतोष नारायण शर्मा पकज सिंह विजय बहादुर सिंह राम लखन शर्मा गिरीश बाबा अशोक सिंह रवि राठौर अक्षय अलया कौशल किशोर गोस्वामी एड्वोकेट अशोक सिंह नरेन्द्र सिंह मनोज सिंह प्रमोद सिंह मनोज सोनी ललित शंकर चौबे जगदीश गोस्वामी मुन्ना सोनी जगदीश तिवारी नरेंद्र सिंह परिहार मनोज परिहार ,गब्बर सिंह राजपूत, सुभाष झा,आर पी निरंजन ब्रिज नारायण कुशवाहा प्रदीप गोस्वामी पुनीत नगाइच, कृष्ण प्रताप सिंह,चिराग गोस्वामी वंश राजा गिन्नी राजा सेदपाल सिंह जिलाध्यक्ष मातृशक्ति रितु समाधिया, मंजू तिवारी आशा कौशिक गीता साहू रचना सिंह आदि मौजूद रहे।

## दुर्गा चालीसा पाठ के साथ मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व



बालाबेहट-ललितपुर। गुरु पूर्णिमा पर पूरे क्षेत्र में जगह-जगह गुरुवार को गांव क्षेत्र के मंदिरों में कई स्थानों पर श्रद्धा भाव से गुरु पूजा हुई। श्रद्धालुओं ने दूर दराज स्थान से भी पहुंचकर गुरु चरणों में नमन किया और कहीं-कहीं भंडारों का भी आयोजन किया गया। क्षेत्र के बरवासन धाम श्री जगतगुरु रामानंदाचार्य आश्रम पर हवन पूजन किया गया एवं भगवती मानव कल्याण संगठन श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के शिष्यों के तत्वावधान में श्री रामसनेही हनुमान मंदिर पर 5 घंटे का श्री दुर्गा चालीसा पाठ आरती गुरु पूजन प्रसाद वितरण किया गया। क्षेत्र के सभी धार्मिक स्थलों पर गुरूवार की सुबह से ही हवन पूजन का आयोजन होने लगा था श्रद्धालु भक्त भक्ति के रस में डूबे हुए थे पंडित श्री राम गोपाल देवलिया सेवानिवृत्ति प्रधान अध्यापक संरक्षक सिद्ध पीठ बरवासन धाम के सानिध्य में धार्मिक भक्तों द्वारा कई गत वर्षो की तरह इस बार भी गुरु पूर्णिमा धूमधाम से मनाया गया एव वेदैही मन्दिर पर श्री 1008 श्री बाबा बालक दास मंजुल मयंक मानस नाग जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर सर झुकाकर श्रद्धा भाव से प्रणाम किया और भंडारे का आयोजन किया गया।

## मेडिकल कॉलेज में मना जनसंख्या दिवस

# जन-जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

विकसित भारत की नई पहचान- परिवार नियोजन हर दंपती की शान थीम एवं स्लोगन के साथ जिला महिला चिकित्सालय सम्बद्ध ललितपुर । स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया। इस दौरान मेडिकल कॉलेज ललितपुर के प्रधानाचार्य डा मयंक कुमार शुक्ला ने जन-जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर सारथी वाहन को रवाना किया। उन्होंने बताया कि भारत विश्व का पहला ऐसा देश है, जहां परिवार नियोजन कार्यक्रम की शुरुआत हुई थी। यह एक अवसर है, जो कि हमारे प्रजनन स्वास्थ्य के महत्व तथा परिवार को नियोजित करने के लिये प्रेरित करता है। परिवार नियोजन कार्यक्रम के सतत प्रयासों से भारतवर्ष की सकल प्रजनन दर में कमी आई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा इम्तियाज अहमद ने बताया कि विश्व जनसंख्या दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य बढती जनसंख्या के कारण उत्पन्न होने वाली चुनौतियों पर आमजन का ध्यान केन्द्रित करना है। वर्तमान परिदृश्य में आवश्यक प्रजनन स्वास्थ्य सेवाएं, आधुनिक, स्थायी व अस्थायी गर्भनिरोधक साधनों (अल्प व दीर्घ अवधि) पर आधारित होनी चाहिये, जिसको लाभार्थी आवश्यकता अनुसारअपना सके।

### परिवार नियोजन कार्यक्रम का प्रचार किया जाएगा

नोडल अधिकारी डा प्रदीप सिंह यादव ने बताया कि जनमानस के मध्य व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से परिवार नियोजन कार्यक्रम व्यापक रूप से प्रचारित किया जायेगा। उन्होने बताया कि लाभार्थी बास्केट आफ च्वाइस के तहत परिवार नियोजन के विभिन्न स्थायी एवं अस्थाई साधनों में से अपने पसन्द के साधन का अपनी सुविधानुसार चयन कर सकते है। उन्होंने दो बच्चों के जन्म में अन्तराल रखने की वर्तमान परिपेक्ष्य में आवश्यकता पर बल दिया। इस दौरान पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डा सौरभ सक्सेना ने समुदाय को छोटे परिवार के बडे फायदों के बारे में संदेश दिया। उसके साथ ही कम आयु में विवाह दुष्परिणामों के बारे में बताया। इस दौरान डा पवन सूद, उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डा शिव प्रकाश, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा गजेन्द्र सिंह, डा अभिषेक गुप्ता, डा डीके राज, डा रवि पचैरी, डा राजेष आर्या, डीपीएम रजिया फिरोज, डा सुखदेव पंकज, डीडीएम सुरेन्द्र कुमार मौर्या व एमबीबीएस छात्र, आशा कार्यकत्री आदि मौजूद रहे।

## तेज आंधी और बारिश का असर

# महरौनी-बानपुर मार्ग पर पेड़ गिरा, बड़ा हादसा टला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ महरौनी-ललितपुर

बुधवार शाम को आई तेज आंधी और बारिश के कारण महरौनी बानपुर मार्ग पर बाईपास के पास एक बड़ा पेड़ सड़क पर गिर गया, जिससे मार्ग अवरुद्ध हो गया है। पेड़ गिरने की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा संबंधित विभाग को दी गई, लेकिन 24 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि चार पहिया वाहन पूरी तरह इस मार्ग से गुजर नहीं पा रहे हैं, वहीं बाइक सवार भी फिसलते-फिसलते जैसे-तैसे निकल रहे हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। बारिश के चलते जनपद में जगह-जगह पेड़ उखड़ने, बिजली गिरने और जलभराव जैसी समस्याएं देखने को मिल रही हैं। निश्चित ही प्राकृतिक आपदा के आगे कोई भी मजबूर हो सकता है, परंतु प्रशासन की तत्परता ऐसी स्थितियों में बड़ी घटनाओं को टाल सकती है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि संबंधित विभाग जल्द से जल्द मौके पर पहुंचकर पेड़ को हटवाए और मार्ग को सुचारु रूप से चालू कराया जाए, जिससे आम जनजीवन फिर से सामान्य हो सके।

## नरवर में पत्रकार को धमकी देने के मामले में तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**दिनारा/करैरा**। मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के बैनर तले पत्रकार संघ करैरा ने नरवर तहसील के ग्राम पंचायत सिमरिया में पत्रकार कमर खान के साथ हुए दुर्व्यवहार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पत्रकार कमर खान को ग्राम पंचायत सिमरिया के प्रभारी सचिव निर्भय रावत और सरपंच उषा रावत के पुत्र शैलेंद्र रावत सहित अन्य लोगों द्वारा धमकाने और जबरन आवेदन लिखवाने का आरोप है। इस मामले में पत्रकार संघ ने तहसीलदार कल्पना शर्मा को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और नाली निर्माण कार्यों की जांच की मांग की है। पत्रकार कमर खान ग्राम पंचायत की योजनाओं की जानकारी आरटीआई आवेदन दायर कर मांगी थी और कई बार अपील भी की थी। 7 जुलाई को प्रभारी सचिव निर्भय रावत ने कमर खान को फोन कर पंचायत कार्यालय बुलाया, लेकिन जानकारी नहीं दी और अगले दिन आने को कहा। 8 जुलाई को जब कमर खान पंचायत क्षेत्र में अकेले जा रहे थे, तभी उनके साथ अभद्रता की गई। पत्रकार संघ ने ज्ञापन में घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान पत्रकार संघ के संयुक्त सचिव हिरेंद्र पाठक, जिला उपाध्यक्ष सौरभ भार्गव, ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र परमार, असलम खान, राहत खान, दुर्ग सिंह लोधी, हेमंत भार्गव, हरि साहू, गजेंद्र कुशवाह सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे। तहसीलदार कल्पना शर्मा ने आश्वासन दिया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए उचित कार्रवाई की जाएगी ।

## गुरु पूर्णिमा पर करैरा में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया

# बिहारी जी सेवा समिति ने बांटा 600 किलो खीर का महाप्रसाद, स्वच्छता कर्मियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा/करैरा

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री बिहारी जी सेवा समिति ने करैरा में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर समिति ने 600 किलो दूध की खीर का महाप्रसाद तैयार कर नगरवासियों के बीच वितरित किया। कार्यक्रम की सबसे खास बात रही स्वच्छता कर्मियों का सम्मान, जिन्हें समिति ने न केवल प्राथमिकता दी, बल्कि प्रसाद वितरण की शुरुआत भी उनके हाथों से कराई। इस अनूठी पहल ने पूरे नगर में समिति की सराहना और चर्चा का माहौल बना दिया। कार्यक्रम का आयोजन करैरा के पुलिस सहायता केंद्र पर शाम 6 बजे से शुरू हुआ, जो रात 9 बजे तक चला। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु और नगरवासी एकत्र हुए और उत्साह के साथ खीर के रूप में महाप्रसाद ग्रहण किया। समिति के संस्थापक शैलेंद्र यादव ने इस अवसर पर अपने विचार साझा करते हुए कहा, हमारे नगर को स्वच्छ और सुंदर रखने में स्वच्छता कर्मियों की भूमिका अतुलनीय है। ये कर्मी दिन-रात मेहनत कर हमारे शहर को साफ रखते हैं। इसलिए, हमारा यह संकल्प है कि किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत इन स्वच्छता कर्मियों के सम्मान के साथ होगी। कार्यक्रम की शुरुआत में स्वच्छता कर्मियों को सम्मानित किया गया। आयोजन में बिहारी जी सेवा समिति के सदस्यों ने भूमिका निभाई। समिति के संस्थापक शैलेंद्र यादव के नेतृत्व में जितेंद्र यादव, साहब सिंह यादव, बालजी पहलवान गुर्जर, सतीश वर्मा, मोहसिन खान, रज्जू यादव, नईम खान, अजय यादव, शिशपाल यादव, किशन यादव, ब्रजेश साहू, रसिक गोयल, नीरज लोधी, शिवम गुप्ता, और नरेंद्र यादव जैसे कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

### शासकीय महाविद्यालय नरवर में गुरु पूर्णिमा मनाया

नरवर। नरवर शासकीय महाविद्यालय में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य प्रो नवल किशोर द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संत हनुमान दास बाबा पटिया वाले एवं बलवंत सिंह रावत रहे। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. नवल किशोर द्वारा मुख्य अतिथियों को शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया एवं डॉ. रूपेश श्रीवास्तव द्वारा महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. नवल किशोर का सम्मान माल्यार्पण एवं शॉल श्रीफ ल के साथ किया। कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर नवल किशोर द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को गुरु पूर्णिमा के आध्यात्मिक महत्व एवं गुरु परंपरा के महत्व पर उद्बोधन दिया।

## कोटा गांव में 7 पीढ़ियों से चली आ रही है आस्था

# मंदिर के पास से चप्पल पहनकर नहीं गुजरती महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले झांसी रोड स्थित ग्राम कोटा भगौरा गांव में 7 पीढ़ियों से महिलाएं आस्था निभाते चली आ रही हैं। स्थिति यह है कि गांव में स्थित भगवान श्रीराम व माता श्री जानकी के मंदिर के पास से आज भी आस्था के चलते महिलाएं चप्पल पहनकर नहीं गुजरती हैं। गौरतलब यह है कि महिलाएं मंदिर के पास पहुंचते ही पैरों में से जूते,चप्पल निकालकर अपने हाथों में ले लेती हैं। लेकिन भगवान की आस्था को चलते चप्पल पहनकर नहीं गुजरती हैं। वहां से सभी महिलाएं बिना जूते,चप्पल के ही आवागमन करती हैं। गांव की बुजुर्ग महिला आशा शर्मा की माने तो यह परम्परा 7 पौड़ियों से गांव की सभी महिलाएं निभाती चली आ रही हैं। आशा बाई के अनुसार सभी समाजों की महिलाएं मंदिर के पास से गुजरते समय भगवान की आस्था को देकर अपने पैरों में से जूते चप्पल निकालकर ही गुजर रही हैं। गौरतलब यह है कि इस तरह की आस्था न केवल कोटा भगौरा गांव में ही नहीं बल्कि कई गांवों में आज भी इस तरह की आया देखने को मिल रही है। इससे कहा जाता है कि गांवों में एक दो नहीं बल्कि महिलाएं पीढ़ियों से इस तरह की आस्था का पालन करती आ रही है। इतना ही नहीं महिलाएं न केवल मंदिरों के पास से निकलने पर पैरों में चामल नहीं पहनती हैं बल्कि भगवान को हाथ जोड़कर वंदन भी करती हैं। कोटा भगौरा गांव में महिलाएं पीढ़ी दर पीढ़ी 7 पीढ़ियों से भगवान श्री राम जानकी मंदिर से गुजरने पर आस्था निभाती चली आ रही हैं। बुजुर्ग महिलाओं की माने तो गांव में स्थित श्री राम जानकी मंदिर के पास से गांव के लिए आवागमन करने का आम रास्ता हैं। लेकिन मंदिर से महिलाएं अवागमन करने पर मंदिर के पास पहुंचते ही ईश्वर के सम्मान में पैरों से चप्पल निकाल कर अपने हाथों में ले लेती हैं। महिलाओं का



मानना है कि मंदिर के पास से चप्पल पहनकर गुजरने से भगवान का सम्मान नहीं होता है, इसलिए महिलाएं भगवान के सम्मान में यह अनूठी परम्परा सैकड़ों सालों से निभाती चली आ रही हैं। गांव में आस्था इस प्रकार है कि बुजुर्ग महिलाएं गांव में विवाह के बाद ससुराल आने वाली नई नवेली दुल्हनों को बुजुर्ग महिलाएं आते ही आगाह करती है कि यहां गांव में भगवान श्रीराम जानकी मंदिर है और यहां से गुजरने पर तुम्हें चप्पल पहनक नहीं गुजरती हैं। इसी प्रकर नई नवेली दुल्हन भी बुजुर्ग महिलाओं के बताए अनुसार इस पुरानी ईश्वरवादी परम्परा को निभाने लगती है और इसी प्रकार ये आस्था कई पीढ़ियों से बरकरार बनी हुई हैं।

## बच्चे ब्लॉक स्तरीय शिविर में 37 बच्चों को मिले दिव्यांग उपकरण



शिवपुरी। दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए दिव्यांगों के उपकरण कारगर सिद्ध होंगे। इन उपकरणों की सहायता से स्कूलों में पढ़ने वाले दिव्यांग बच्चे रोजाना स्कूल पहुंच सकेंगे और सामान्य बच्चों की तरह अपनी पढ़ाई कर समाज की मुख्य धारा से जुड़ सकेंगे। यह बात ब्लॉक स्तरीय दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर के दौरान बीआरसीसी बालकृष्ण ओझा ने शिविर में आए 37 दिव्यांग बच्चों और उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए कही।इस दौरान एलमिको संस्था जबलपुर से आए डॉ गौरव कुमारए डॉ नीरज कुमारए सहायक उपकरण विशेषज्ञ पिंकी चौहान व तकनीकी सहायक अमित कुमार द्वारा उपकरण प्रदान किए गए। इस मौके पर जिला शिक्षा केंद्र के एपीसी हरीश शर्मा, एमआरसी प्रदीप शर्मा, बीएसी राजेश खत्री, दिनेश गुप्ता, मनीषा यादव, अभिषेक शर्मा, एमआईएस हेमंत खटीक, बसीर अहमद अंसारी मनीष दुबे, प्रमोद शर्मा व अखिल भार्गव आदि मौजूद थे।

### हर्षित और गौरी को डॉक्टर ने लगाए कृत्रिम पैर

जनपद शिक्षा केंद्र के बीएसी दिनेश गुप्ता ने बताया कि चिकित्सकीय मूल्यांकन शिविर में चिकित्सकों द्वारा ब्लॉक के 37 दिव्यांग बच्चों को उपकरण के लिए चयनित किया गया था। इसी संबंध में शुक्रवार को बीआरसी दफ्तर में दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया गया।

# दोहरे हत्याकांड के मामले में 40 हजार के 4 इनामी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

पिछोर थाना पुलिस ने दोहरे हत्याकांड के मामले में बड़ी सफ लता हासिल करते हुए 40 हजार रुपये के इनामी चार फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। 27 जून 2025 को बाछरीन निवासी शिवदो लोधी ने अपने पति हरगोविंद लोधी और पुत्र पुष्पेंद्र लोधी की गुमशुदगी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई थी। दोनों शाम 4 बजे खेत पर गए थे। लेकिन जब शाम को संपर्क नहीं हो पाया और फोन बंद मिला, तो परिजनों को आशंका हुई। पुराने विवादों के चलते गांव के ज्ञानसिंह लोधी, विजयभान लोधी सहित अन्य पर शक जताया गया। गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की। संदेहियों के घरों पर ताले मिले। जिससे शक और गहरा गया। अलग-अलग पुलिस टीमों ने संभावित ठिकानों पर दबिश दी। जांच के दौरान ज्ञानसिंह लोधी और उसके भाई चिन्टू उर्फ महेंद्र लोधी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जहां उन्होंने चौंकाने वाला खुलासा किया। इन दोनों ने अपने साथियों पुन्ना उर्फ पुष्पेंद्र लोधी, विजयभान लोधी, दिनेश लोधी, अनिल लोधी व रूबी लोधी के साथ मिलकर हरगोविंद और पुष्पेंद्र की हत्या कर शवों को जंगल में स्थित एक कुएं में फेंकने की बात कबूली। पुलिस ने निःशानदेही पर दोनों शव बरामद कर लिए। इस मामले में थाना पिछोर पर अपराध क्रमांक 369-25 धारा 103;1, 238, 191-2, 191;3, 190 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। प्रारंभ में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। बाकी फ रार आरोपियों की तलाश जारी रही। लगातार दबिश के बाद दिनांक 10 जुलाई को चार और आरोपी दृ विजयभान लोधी 30, पुन्ना उर्फ पुष्पेंद्र लोधी, दिनेश लोधी एवं अनिल कुमार लोधी, सभी निवासी ग्राम राजपुर को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से घटना में प्रयुक्त लाठी और कुल्हाड़ी भी जब्त की गई। सभी को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। महिला आरोपी रूबी लोधी अब भी फ रार है।